## बिहार सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग

प्रधान सचिव
15 DEC 2025

संवेदक Bapu Dham Construction Prop Bablu Kumar (Reg. No. 1230300) Ward No.6 Mathiya Bariyar Pur Panditpur, East Champaran Pipra Factory Bihar Pincode: 845429 के निबंधन को विभागीय सकारण आदेश संख्या ज्ञापांक–9299 दिनांक 29.08.2025 द्वारा अगले 02 (दो) वर्षों के लिए कालीकृत किये जाने के विरूद्ध दिनांक 17.10.2025 को समर्पित अपील अभ्यावेदन के सापेक्ष सुनवाई के संबंध में।

05/12/2025

## आदेश

याचिकाकर्त्ता/संवेदक Bapu Dham Construction Prop Bablu Kumar (Reg. No. 1230300) Ward No.6 Mathiya Bariyar Pur Panditpur, East Champaran Pipra Factory Bihar Pincode: 845429 एवं विभाग की ओर से कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सीतामढ़ी उपस्थित।

प्रस्तुत मामला ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सीतामढ़ी के अधीन **MMGSUY** योजनान्तर्गत Package No.-RRSMP/24-25 Sitamarhi/03 (Tender Id-139491) की निविदा में संवेदक Bapu Dham Construction Prop Bablu Kumar (Reg. No. 1230300) द्वारा समर्पित अनुभव प्रमाण–पत्र जाली/ फर्जी होने के कारण बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली (ग्रामीण कार्य विभाग) 2007 के नियम 11 (क) में विहित प्रावधान के आलोक में विभागीय सकारण आदेश ज्ञापांक 9299 दिनांक 29.08.2025 द्वारा अगले 02 (दो) वर्षों के लिए कालीकृत (Blacklist) किये जाने से संबंधित है।

उक्त कालीकरण आदेश के विरूद्ध संवेदक द्वारा दिनांक 17.10.2025 को अपना अपील अभ्यावेदन समर्पित किया गया।

प्रस्तुत मामले का संक्षिप्त विवरणी निम्नवत है :–

1. प्रश्नगत निविदा में संवेदक द्वारा ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सिमडेगा के पत्रांक 779 दिनांक 24.09.2021 द्वारा निर्गत अनुभव प्रमाण–पत्र समर्पित किया गया।
2. उक्त अनुभव प्रमाण–पत्र के संबंध में ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सिमडेगा द्वारा सूचित किया गया है कि उक्त अनुभव प्रमाण–पत्र उनके प्रमंडल से निर्गत नहीं किया गया है।
3. तदालोक में संदर्भित निविदा में फर्जी अनुभव प्रमाण–पत्र समर्पित करने के कारण बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली (ग्रामीण कार्य विभाग) 2007 के नियम 11 (क) में निहित प्रावधान के तहत विभागीय सकारण आदेश ज्ञापांक 9299 दिनांक 29.08.2025 द्वारा अगले 02 (दो) वर्षों के लिए कालीकृत (Blacklist) किया गया है।
4. उक्त कालीकृत आदेश के विरूद्ध संवेदक द्वारा दिनांक 17.10.2025 को अपील अभ्यावेदन समर्पित करते हुए प्रतिवेदित किया गया कि संदर्भित निविदा में साईबर कैफे द्वारा ही किसी अन्य संवेदक के बहकावे में आकर गलत अनभुव प्रमाण–पत्र अपलोड कर दिया गया।

संवेदक द्वारा समर्पित अपील अभ्यावेदन के सापेक्ष सुनवाई के क्रम में संदर्भित निविदा में फर्जी कागजात समर्पित किये जाने के संबंध में क्षमायाचना करते हुए तथा इसकी पुनरावृत्ति नहीं किये जाने का आश्वासन दिया गया।

अभियंता प्रमुख (मुख्यालय)
ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना
डायरी सं० 5061
16/12/25

420

वर्णित तथ्यों एवं प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर सम्यक विचारोपरान्त Bapu Dham Construction Prop Bablu Kumar (Reg. No. 1230300) द्वारा समर्पित अपील अभ्यावेदन को अस्वीकृत करते हुए विभागीय सकारण आदेश संख्या ज्ञापांक 9299 दिनांक 29.08.2025 द्वारा अगले 02 (दो) वर्षो के लिए की गयी कालीकृत (Blacklist) किये जाने के आदेश को यथावत रखा जाता है।

तदनुसार वाद निष्पादित।

05/12/2025

(सरवणन एम.)
सचिव

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–152/2025 12470 /पटना, दिनांक– 11.12.25

प्रतिलिपि–अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/ सचिव/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/जल संसाधान विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/ नगर विकास विभाग/उर्जा विभाग/कृषि विभाग, बिहार, पटना/पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

10.12.2025

(प्रभाष चन्द्र सिंह 'प्रबल')
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–152/2025 12470 /पटना, दिनांक– 11.12.25

प्रतिलिपि– सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

10.12.2025
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–152/2025 12470 /पटना, दिनांक– 11.12.25

प्रतिलिपि– अपर मुख्य सचिव के प्रधान आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव के आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना एवं अभियंता प्रमुख के निजी सहायक, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

10.12.2025
सरकार के उप सचिव

निबंधत

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–152/2025 12470 /पटना, दिनांक 11.12.25

प्रतिलिपि– संवेदक Bapu Dham Construction Prop Bablu Kumar Add:- Ward No.6 Mathiya Bariyar Pur Panditpur, East Champaran Pipra Factory Bihar Pincode: 845429 को सूचनार्थ प्रेषित।

10.12.2025
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–152/2025 12470 /पटना, दिनांक– 11.12.25

प्रतिलिपि– आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

10.12.2025
सरकार के उप सचिव